दिनांक 09.12.202 **स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई**

अवैध कब्जा करने वाले को निगम की टीम ने किया बेदखल, अलग-अलग स्थानों पर हुई कार्यवाही

भिलाई नगर / नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत अवैध कब्जा करने वालों पर उनके विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है, जोन 03 मदर टेरेसा नगर क्षेत्र में निगम के राजस्व विभाग की टीम ने वार्ड 30 में व वार्ड 31 में अवैध कब्जा करने वालों पर शिकंजा कसते हुए बेदखली की कार्रवाई किए। इसी प्रकार वार्ड 33 में एक व्यक्ति द्वारा अवैध कब्जा कर रास्ते को बंद कर दिया गया था जिसे निगम के तोड़फोड़ दस्ते ने हटाने की कार्यवाही की। निगम क्षेत्र में अतिक्रमण , अवैध निर्माण करने तथा अवैध प्लाटिंग करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने निगम आयुक्त रोहित व्यास ने अधिकारी/कर्मचारियों को निर्देशित किया है। निगम क्षेत्र में अवैध कब्जा और अतिक्रमण करने की शिकायत मिलने पर निगम प्रशासन द्वारा मामले को गंभीरता से लेकर कार्यवाही की जाती है ताकि ऐसे अनाधिकृत कार्य करने वालो को रोका जा सके। इसी प्रकार वार्ड 31 में खाली जमीन को घेर लिया गया था , जिसे भी बेदखल किया गया , वार्ड 33 में परदेशी राम देवांगन द्वारा सड़क किनारे कब्जा कर अतिरिक्त निर्माण कर लिया था, जिसमें टेंट व्यवसाय का सामान रखा मिला। इससे वार्ड के नागरिकों को आवागमन में परेशानी हो रही थी , शिकायत के आधार पर निगम की टीम मौके पर पहुंची और शिकायत सही पाये जाने पर उक्त व्यक्ति द्वारा किए गए अवैध कब्जे को तोड़फोड़ बेदखल कर सड़क को कब्जा मुक्त कराया गया। इस दौरान निगम की टीम मे केशव सोनारे , मनहरण पटेल, कुलदीप रोशन, प्रताप साहू, विनोद यादव , कैलाश कुहीकर , जयंत मेश्राम , रामसाय पारकर , दिनेश चौहान सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।